दिनांकः 29.03.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

- निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल से 1 जून तक के लिए एक्जिट पोल पर लगायी रोक।
- चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने मम्प्स रोग के नियंत्रण और रोकथाम के लिए दिशा निर्देश किये जारी।
- गुड फ्राइडे आज–प्रदेश के विभिन्न चर्चों में प्रार्थना सभाओं का आयोजन।
- आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की लगातार दूसरी जीत–डेल्ही कैपिटल्स को 12 रन से दी शिकस्त।

.....................

निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे से लेकर 1 जून की शाम साढे छह बजे तक के लिए एक्जिट पोल पर रोक लगा दी है। इस दौरान देशभर में सभी लोकसभा क्षेत्रों में एक्जिट पोल का प्रकाशन और प्रसारण प्रतिबंधित रहेगा। आयोग ने कहा है कि मतदान से 48 घंटे पहले ओपिनियन पोल या सर्वे के प्रसारण पर रोक रहेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने जनप्रतिनिधि कानून 1951 के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए किसी भी तरह के एग्जिट पोल को इलेक्ट्रॉनिक या प्रिंट मीडिया के जरिए या अन्य तरीके से प्रसारित करने पर प्रतिबंध लगाया है।

.....................

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर कल पहले दिन छह लोकसभा क्षेत्रों में सात प्रत्याशियों ने 13 नामांकन पत्र भरे। सात लोकसभा क्षेत्रों में कोई भी नामांकन प्राप्त नहीं हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी और निर्दलीय प्रत्याशी हरपाल सिंह राजपुरोहित, जालोर से भाजपा प्रत्याशी महेन्द्र चौधरी, उदयपुर से भाजपा प्रत्याशी मन्ना लाल रावत, चित्तौडगढ से पहचान पीपल्स पार्टी के मोहम्मद वाहिद खान, भीलवाड़ा से राइट टू रिकॉल पार्टी के पवन कुमार शर्मा और कोटा से इसी पार्टी के प्रत्याशी तरूण गोचर ने नामांकन दाखिल किया।

गौरतलब है कि दूसरे चरण में राज्य की 13 लोकसभा क्षेत्रो टोंक–सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बासंवाड़ा, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़–बारां में 26 अप्रैल को मतदान होगा।

.....................

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रदेश की 12 लोकसभा सीटों पर प्राप्त नामांकन पत्रों की कल संवीक्षा की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संवीक्षा के दौरान 124 प्रत्याशियों के 166 नामांकन विधिमान्य पाए गए। सात प्रत्याशियों के 13 नामांकन जांच के दौरान खारिज कर दिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पहले चरण के मतदान के लिए 30 मार्च तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। 19 अप्रैल को मतदान होगा और 4 जून को मतगणना होगी।

.....................

प्रदेश में पुलिस, एक्साइज, नारकोटिक्स और आयकर विभाग ने मार्च महीने की शुरुआत से अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं और अवैध नकद राशि के रूप में लगभग 314 करोड़ रुपये कीमत की जब्तियां की हैं। 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक 215 करोड़ रुपये से ज्यादा की कीमत की जब्ती की जा चुकी है। इसके तहत 12 जिलों में 10–10 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की संदिग्ध वस्तुएं और नकदी बरामद हुई है।

.....................

लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए स्वीप गतिविधियों में तेजी आ गयी है। इसी कड़ी में जोधपुर जिले की केरू ग्राम पंचायत में महिला और बाल विकास विभाग और

राजीविका समूह की ओर से रंगोली और दीपदान के साथ सामूहिक मतदान की शपथ दिलाई गई। वहीं झालावाड़ में कल राजस्थान दिवस के अवसर पर लोक कलाकारों द्वारा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा।

....................

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुनिये बाड़मेर से हमारे श्रोता का संदेश –

....................

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों और व्यस्कों में होने वाले मम्प्स रोग के नियंत्रण और इसकी रोकथाम के लिए दिशा निर्देश जारी किये हैं। हाल ही में कुछ क्षेत्रों में मम्प्स रोग के मामले सामने आने के बाद ये कदम उठाया गया है। गले में दर्द, सूजन और शारीरिक कमजोरी इस रोग के मुख्य लक्षण हैं।

जनस्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि मम्प्स एक संक्रामक रोग है, जो संक्रमित व्यक्ति द्वारा खांसने, छींकने या लार के माध्यम से स्वस्थ व्यक्ति तक आसानी से फैलता है। इसकी रोकथाम के लिए शीघ्र ही चिकित्सकीय परामर्श और उपचार लेना आवश्यक है।

....................

भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय और अनुसंधान केन्द्र तथा कैंसर केयर की ओर से आज 21वां कैंसर विजेता दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। जयपुर में होने वाले इस समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र शिरकत करेंगे। समारोह में प्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश, पंजाब सहित कई राज्यों के कैंसर सर्वाइवर भाग लेंगे। इस दौरान कैंसर सर्वाइवर्स को सम्मानित भी किया जाएगा। इस मौके पर कई गणमान्य लोग और चिकित्सक मौजूद रहेंगे।

....................

जोधपुर आईआईटी के शोधकर्ताओं ने अनूठी मेडिकल डिवाइस विकसित की है। इसके माध्यम से कुछ ही देर में ग्लूकोज स्तर का परीक्षण किया जा सकता है और रिपोर्ट तुरंत ही मोबाइल पर मिल जाएगी। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

....................

आज गुड फ्राइडे है। ईसा मसीह के सूली पर चढ़ने की याद में दुनियाभर में ये दिन मनाया जाता है। इस दिन ईसा मसीह ने पापों के लिए कष्ट सहते हुए सभी के प्रति प्रेम और मानवता के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया था। यह ईस्टर रविवार से पहले शुक्रवार को मनाया जाता है, जो यीशु मसीह के पुनरुत्थान का प्रतीक है। इस अवसर पर विभिन्न चर्च में प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसे होली फ्राइडे, ग्रेट फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे और ईस्टर फ्राइडे के नाम से भी जाना जाता है। गुड फ्राइडे के मौके पर लोग एक–दूसरे की खुशी की कामना करते हैं। ईस्टर उत्सव रविवार 30 मार्च को शुरू होगा।

....................

भरतपुर में होली के बाद आज बास्योड़ा पर्व धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। एक दिन पहले बनाये गये पकवानों को शीतला माता को भोग लगाया जा रहा है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

....................

आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में राजस्थान रॉयल्स ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। राजस्थान रॉयल्स ने कल डेल्ही कैपिटल्स को 12 रन से हराया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में डेल्ही कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। राजस्थान रॉयल्स ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 185 रन बनाए। जीत के लिए 186 रन के लक्ष्य के जवाब में डेल्ही कैपिटल्स की टीम 5 विकेट के नुकसान पर 173 रन ही बना सकी।

आईपीएल में आज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

....................

राज्य में आज से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव आने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इसके असर से आज जयपुर, कोटा, भरतपुर, अजमेर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बारिश हो सकती है। इस विक्षोभ का असर दो दिन तक रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस गिरावट का पूर्वानुमान है।

....................